an>

Title: Need to provide full payment of relief funds to farmers in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकूट एवं बांदा (उत्तर प्रदेश) जिलों में अभी तक लगभग एक तिहाई किसानों को व एक चौथाई ग्रामों में पिछली केंद्र सरकार द्वारा दी गई राहत राशि को जिला प्रशासन द्वारा नहीं बांटा गया है। जिन किसानों को राहत राशि बांटी भी गयी है, उन्हें केवल 9 हज़ार रूपए प्रति हैक्टेयर के हिसाब से दिया गया है जबकि केंद्र सरकार द्वारा 13 हज़ार 500 रूपए प्रति हैक्टेयर दिया गया है। इसलिए फसल बीमा का पैसा भी सभी को नहीं दिया जा रहा है। बैंक कहते हैं कि बीमा कंपनी बता सकती है। बीमा कंपनी बैंक पर जिम्मेदारी डाल देती है। इस वर्ष सूखा पड़ गया है। किसान बहुत ही परेशान व हताश हैं।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य सरकार व जिला प्रशासन को अविलंब किसानों का पिछला संपूर्ण पैसा व फसल बीमा का पैसा दिलाने हेतु निर्देश देने की कृपा की जाए।